डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 133 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 25 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया




## तापतान में गिरावट दर्ज

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। पिछले दो दिनों से तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सुबह-शाम ठंड का असर महसूस किया जा रहा है। दिन में गर्मी का एहसास होता है। जिले में अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। ठंडी हवाएं भी चल रही हैं।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अगले दो दिनों में तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। मौसम वैज्ञानिक प्रमेंद्र कुमार रैकवार ने बताया कि फरवरी में कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होते हैं। इसी कारण इस महीने तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। तापमान में गिरावट के बाद फिर से हल्की बढ़ोतरी होगी। यह क्रम फरवरी माह के अंत तक जारी रहेगा। मार्च की शुरुआत में तापमान में तेजी से वृद्धि होने की संभावना है।

# कब तक कलेक्टर की डांट सुनेंगे नपा सीएमओ..?

**✻ ब्लेक लिस्ट नहीं कर सके, पेटी ठेकेदार पर लगाया जुर्माना ✻ हरे पेड़ काटने की गलती स्वीकारी, जुर्माना जमा कराया**



**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** तेलिया तालाब को भरने वाली एक मात्र केनाल को बंद करने के षड़यंत्र के तहत केनाल से लगती एप्रोच वाले रोड़ बनाने को लेकर नगर पालिका सीएमओ प्रशासन के रेडार पर है। शहर की आम जनता भी चाहती है कि तेलिया तालाब के मर्डर करने की मंशा रखने वाले आरोपी सीएमओ पर कठोर कार्यवाही हो। सोमवार को एक बार फिर नपा सीएमओ सुधीरसिंह को डांट पड़ी। अब अगली तारीख 03 मार्च सोमवार लगी है। इस एप्रोच रोड़ को लेकर सीएमओ ने क्या गुल खिला रखे है, यह तो पता नहींचला है। किन्तु, उनकी तबियत अब बात-बात पर बिगड़ने लगी है।

बता दें कि आरटीओ तक सर्विस लेन की मांग लंबे समय से हो रही थी। वह तो आज तक बना नहीं है। लेकिन, बगैर टेंडर और किसी अन्य कार्यवाही के पुलिस कॉलोनी से होकर जाने वाला अवैध एप्रोच रोड़ बनाना अब उन्हें महंगा पड़ रहा है। हालांकि, कलेक्टर के आदेश के बाद उन्होंने औपचारिकता दिखाते हुए नए एप्रोच रोड़ को खुर्द बुर्द करन की फोटो जरूर डाल दी। लेकिन, 500-600 डम्पर भराव को अब कहां फैंके यह उनके लिए मुसीबत बन गया है। यही कारण है कि सोमवार को उन्होंने कलेक्टर के सम्मुख उपस्थित होकर हरे पेड़ काटने का जुर्माना कराया। वहीं यह भी बताया कि पेटी ठेकेदार पर करीब 20 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

मजे की बात तो यह है कि इस एप्रोच मार्ग से बिजली के खंबे शिफ्टिंग करने के लिए तीन पोल भी यहां रखाए गए थे। यह भी जांच का विषय है कि एमपीईबी में पोल शिफ्टिंग के लिए राशि किस मद से जमा करवाई गई है। इस मामले में सीधे-सीधे नगर पालिका सीएमओ इनवाल्व दिखाई दे रहे है। लेकिन, वे आरोप अपने मातहतो पर लगा रहे है। उन्हें ही सजा का भागीदार बनाने का प्रयास कर रहेहै। खैर, अब हर सोमवार को उन्हें पेशी में खड़े रहना पड़ेगा। जब तक कि कलेक्टर न्यायालय उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हो जाए।

बता दें कि एप्रोच रोड़ जिस केनाल पर बनाया गया है, वहां 30 फीट तक किसी तरह का निर्माण अर्थात सड़क या अन्य कोई भी निर्माण नहीं किया जा सकता है। पहले तो मेडिकल कालेज की बाउंड्री बना दी गई और अब केनाल से लगती पगडंडी पर करीब 60 फीट चौड़ी रोड़ बनाने की कवायद की गई, वह भी बगैर किसी सक्षम अनुमति या योजना स्वीकृति के। इसलिए नपा सीएमओ ही सीधे-सीधे इस मामले में आरोपी बनते दिख रहे है। देखना है कि अगले सोमवार होता है क्या...?

# क्या कर रही एक करोड़ की तीसरी आंखें..?

**✻ नहीं मिल रहे चोर, मदद नहीं कर रहे सीसीटीवी कैमरे**
**✻ एक करोड़ के हाई सिक्युरिटी सिस्टम चोरों के सामने फैल**



**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कुछ दिनों पहले पुलिस कॉलोनी में घुसकर बदमाशो ने पुलिस वालों के घर के ताले तोड़ा उस मामले में कथित रूप से चार बदमाश दिखाई दिए थे। जिनकी तलाश अधूरी है। इसके अलावा शहर में कई बड़ी चोरियों की वारदातें पेडिंग पड़ी है। कईयों में तो पुलिस ने खात्मा ही काट दिया है। इधर बाइक चोरी की वारदातों पर तो पुलिस अंकुश लगाने में पूरी तरह असफल साबित हो रही है। बात करें चोरों और अन्य अपराधिक तत्वों के लिए लगाई गई एक करोड़ रूपए लागत की तीसरी आंख की। कुछ समय पहले एक करोड़ रूपए खर्च कर शहर में 184 सीसीटवी कैमरे पुलिस ने लगाए थे। इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बाद भी पुलिस को इसका कोई ज्यादा लाभ नहीं मिल पाया है। कई आपराधिक घटनाएं शहर में हुई। लेकिन, पुलिस के हाथ खाली है। इधर मानो ऐसा लगता है कि एक करोड़ की तीसरी आंख में भी मोतियाबिंद हो गया हो। शुरुआत से ही कैमरों में समस्या आने लगी थी। मरम्मत के दावे जरुर किए गए। लेकिन, चोर एक करोड़ की लगाई गई किसी भी तीसरी आंख में कैद नहीं हुए। मतलब साफ है कि सीसीटीवी कैमरें अभी भी पूरी तरह से दुरुस्त होकर अपना काम नहीं कर पा रहे।

### पैंतीस लोकेशन पर लगाए थे कैमरे...

शहर में सेंट्रलाइज्ड स्कीम के तहत 1 करोड़ रुपए की लागत से हाई सिक्युरिटी सिस्टम के सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। कुछ समय बाद ही इन 35 लोकेशनों पर 184 सीसीटीवी कैमरे में से लगभग 80 बंद हो गए। मरम्मत के दावे जरुर किए गए। लेकिन, आज भी कई कैमरे बंद पडे है। करोड़ रुपए खर्च करने के बाद ना अपराधी पकड़ में आ रहे और ना ही सिस्टम का उद्देश्य पूरा हो रहा है।

### तारीखे करने पर मजबूर होते है निजी कैमरे वाले लोग...!

पुलिस विभाग के कैमरे काम नहीं कर रहे होते है तो कॉलोनी इलाको में निजी मकानो पर लगाए गए कैमरो से मदद ली जाती है। ऐसे में निजी कैमरे वाले खुशी-खुशी पुलिस की मदद को तत्पर होते है। लेकिन, उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है, जब अपराधी के पकड़े जाने के 2-3 साल बाद न्यायालय से समंस मिलता है। जिसमें तय तारीख पर नहीं जाने पर गिरफ्तारी वारंट तक जारी हो जाता है। ऐसे में कोई भी मकान मालिक जिसने अपने खर्च से अपने मकान की सुरक्षा के लिए कैमरे लगाए है। वे अब पुलिस को साफ कह देते हैं कि हम कोर्ट कचहरी के चक्कर में नहीं पड़ेंगे। ऐसी स्थिति में पुलिस विभाग और न्यायालय को भी इस दिशा में विचार कर पुलिस प्रशासन की मदद करने वाले लोगो को यह आश्वासन दिया जाना चाहिए कि उन्हें कोर्ट में तारीखो पर नहीं आने पड़ेगा। तो आमजन पुलिस के लिए अपने कैमरे की रिकार्डिंग आसानी से उपलब्ध कराने लगेंगे।

### निजी कैमरों के भरोसे पुलिस...

शहर में अधिकतर जगहों पर सरकारी कैमरे लंबे से अधिक समय से बंद हैं। इनसे आपराधिक गतिविधियों का पता लगाने में कोई मदद नहीं मिल रही है। ऐसे में निजी तौर पर लगे सीसीटीवी कैमरों के भरोसे ही पुलिस विभाग है।

### पता ही नहीं चल रहा कहां भागे बदमाश...

शहर की सीमा के अनुसार 184 कैमरे कम नहीं है। इसके बाद भी पता नहीं चल पा रहा कि बदमाश कहा भागे। कई चोरियों में निजी कैमरे में बदमाशों के चेहरे सामने आए। इसके बाद शहर की सीमा में लगे कैमरे से इनकी लोकेशन पता चल सकती थी। लेकिन, कैमरों से मदद नहीं मिली या कैमरे की मदद पुलिस ने नहीं ली।

# बसों में हो रहा कृषि उपज का परिवहन

**न मंडी की रसीद और न मालिक का नाम, जीएसटी विभाग की नजरे भी नहीं पड़ रही..!**

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। नीमच-मंदसौर से दिल्ली तक दौडने वाली अधिकांश बसों में अवैधानिक रूप से (बिना टैक्स चुकाए) कृषि उपज सहित अन्य सामान का परिवहन किया जा रहा है। चौकाने वाली बात यह है कि इस रूट पर चलने वाली अधिकांश बसें ट्रक के रूप में उपयोग लाई जा रही है। इस मामले की जानकारी जिम्मेदारों को भी है। लेकिन, फिर भी कुंभकर्णीय नींद में हैं। जीएसटी विभाग भी आंखे मूंदे बैठा है।**

हादसे दर हादसे होने के बाद ही प्रशासन की नींद खुलती है। शायद यही कारण है कि नीमच से दिल्ली तक निजी बसों के माध्यम से अवैधानिक रूप से हो रहे कृषि उपज के परिवहन को लेकर भी प्रशासन को किसी हादसे का इंतजार है। जिला मुख्यालय से ही बसों के माध्यम से अवैधानिक रूप से माल परिवहन किया जा रहा है और जिम्मेदार चुप्पी साधे हादसा होने का इंतजार कर रहे हैं। मंदसौर और नीमच से अन्य राज्यों में भेजा जाने वाला माल निजी बसों में ट्रक की तरह लोड किया जाता है। न कृषि उपज मंडी की कोई रसीद होती है और न ही मालिक का अता पाता। केवल निर्धारित शुल्क अदा कर बस पर कृषि उपज या अन्य सामान लोड कर दिया जाता है। चौकाने वाली बात तो यह है कि बस की सीटों के बीच में भी कृषि जिंसों की बोरियां रख दी जाती हैं। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिन बसों के माध्यम से इस तरह अवैधानिक रूप से जिंसों का परिवहन किया जाता है। उनका परिवहन पुलिस कप्तान और थानों के सामने से बेरोकटोक होता है। जिम्मेदार अधिकारियों को इसके बारे में जानकारी है, लेकिन वैधानिक कार्रवाई की बजाय मौन साधे बैठ रहते हैं।



**शुरु हुआ अंडर ब्रिज-** गीता भवन अंडर ब्रिज से आवागमन शुरू हो गया है। इस ब्रिज को 12 दिसंबर 24 से 12 फरवरी 25 तक बंद करने के लिए अनुमति ली गई थी। लेकिन, 12 दिन बाद 24 फरवरी से अंडर ब्रिज आमजन के लिए आवागमन हेतु खोल दिया गया है।

# फिर लहसुन का कचरा सड़क पर छोड़ने लगे व्यापारी

**मंडी सचिव ने चार व्यापारियों को जारी किए नोटिस, सीएमओ ने कहा शीघ्र करेंगे जुर्माना**

**पिपलियामंडी, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी के पास राजीव गांधी उद्यान मार्ग पर व्यापारियों द्वारा गोदाम से लहसुन का कचरा फेंकने के मामले में मंडी सचिव ने पांच फर्म को नोटिस जारी किया है। जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी में राजीव गांधी उद्यान की ओर बने गोदाम के पीछे कुछ व्यापारियों द्वारा लहसुन का कचरा छोड़ने का पाइन निकालकर सड़क पर कचरा फैलाया जा रहा था। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सेन ने इसकी शिकायत कृषि उपज मंडी सचिव को की। इसके बाद मंडी सचिव पर्वतसिंह सिसोदिया ने फर्म जयेश ट्रेडर्स, केके ट्रेडर्स, कमलेश ट्रेडिंग कंपनी, रमेशचन्द भंवरलाल व अमन ट्रेडर्स को नोटिस जारी कर कचरा हटाने की कहा। इधर सीएमओ प्रवीण सेन ने बताया कि पूर्व में भी दिवार तोड़कर नगरीय क्षेत्र में उद्यान के पास कचरा डालने पर नगर परिषद् ने बुलडोजर से सफाई कराई थी, उसके बाद कचरा डालना बंद कर दिया था, लेकिन एक माह से फिर कचरा डालना शुरु कर दिया है, शीघ्र ही गंदगी फैलाने पर व्यापारियों ने सुधार नही किया तो उनके खिलाफ जुर्माना किया जाएगा।

**चार माह पूर्व भी 8 व्यापारियों द्वारा दिवार तोड़कर बनाए गए दरवाजों पर लगाए थे ताले:-** जानकारी के अनुसार 10 अक्टूबर 2024 को भी कृषि उपज मंडी व राजीव गांधी उद्यान के बीच अयोध्या बस्ती जा रहे मार्ग पर लहसुन का कचरा उडाकर प्रदूषण करने वाले 8 व्यापारियों द्वारा अवैध रुप से गोडाउन की दिवार तोड़कर पीछे से खोले गए दरवाजों नगर परिषद् व कृषि मंडी टीम ने बंद कराया। बुलडोजर से मार्ग पर जमा लहसुन कचरे को साफ कराया। इन व्यापारियों ने कुछ वर्षो पूर्व अवैध रुप से गोदाम के पीछे दिवार तोड़कर दरवाजे व लहसुन का कचरा बाहर निकालने के लिए पाइप लगा दिए थे। लहसुन साफ करने की मशीन से निकलने वाले पाइप के जरीये लहसुन का कचरा राजीव गांधी उद्यान के पास अयोध्या बस्ती जा रही सड़क पर छोड़ा जा रहा था। दरवाजे बंद करने के बाद व्यापारियों ने पाइप से कचरा उड़ाना बंद कर दिया था।




**राहगीर व वाहन चालक होते परेशान:-** मंडी प्रशासन व नगर परिषद् द्वारा बार-बार मना करने के बाद भी कुछ व्यापारी हठधर्मिता कर रहे है, उद्यान के पास सड़क पर कचरा जमा हो गया है राहगीर परेशान है, इसकी शिकायत भी कई बार की जा चुकी है।। सड़क पर कचरा उडाने पर नगर परिषद् व मंडी प्रशासन भी नोटिस जारी कर चुका है। लेकिन आदतों में सुधार नही हो रहा है।

## बाइक भिड़ंत के बाद कट्टे में भरा डोडाचूरा सड़क पर बिखरा

**पिपलियामंडी, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाइक भिड़त में युवक घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना में टक्कर मारने वाले बाइक सवार के पीछे महिला बैठी थी, जिसके पास कट्टे में भरा डोडाचूरा सड़क पर बिखर गया। दुर्घटना के बाद वह मौके से महिला को बिठाकर भाग निकला। जानकारी के अनुसार रविवार रात्रि 10.30 बजे चौपाटी से ओवरब्रिज चढ़ने के दौरान दो बाइक आमने-सामने भिड़ गई। इसमें सनावदा निवासी विजेश घायल हो गया। दूसरी बाइक पर सवार युवक व महिला भी नीचे गिर गए। इनके पास कट्टे में भरा डोडाचूरा बिखर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक व महिला दोनों तत्काल कट्टा लेकर भाग निकले। सूचना पर डॉयल 100 मौके पहुंची, घायल को पिपलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, बाद में उसे मंदसौर रेफर कर दिया। पिपलियामंडी टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया दुर्घटना के बाद डोडाचूरा सड़क पर बिखरने की सूचना मिली थी, दुर्घटना के बाद मौके से भागने वाले की तलाश की जा रही है।

# कपलिंग टूटा, अकेला चलने लगा इंजिन

**घबराकर पटरी किनारे खड़े हुए यात्री, जावरा से बुलाया दूसरा इंजन**

**रतलाम, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। रतलाम रेल मंडल के बड़ायला चौरासी स्टेशन पर चित्तौड़गढ़ जा रही डेमू ट्रेन की कपलिंग टूटने से ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। ट्रेन का इंजन निकल कर आगे चला गया। ट्रेन का आधा हिस्सा स्टेशन से पार हो गया था, उस समय यह घटना घटी। अचानक से हुए घटनाक्रम से यात्रियों में हड़कंप मच गया। रतलाम रेल मंडल डीआरएम अश्वनी कुमार ने घटनाक्रम की जांच के आदेश दिए है। घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।**



मिली जानकारी के अनुसार रतलाम-चित्तौड़गढ़ डेमू ट्रेन रतलाम से सोमवार सुबह 10 बजे रवाना हुई थी, जिसका 11 बजे जावरा पहुंचने का टाइम था। इसके पहले सुबह 10.30 बजे ट्रेन बड़ायला चौरासी स्टेशन से रवाना हुई।अचानक से कपलिंग टूटने से इंजन आगे चला गया। ट्रेन स्टेशन पर ही खड़ी हो गई। अचानक हुए घटनाक्रम से रेल यात्री घबरा गए। ट्रेन से उतर कर बाहर प्लेटफॉर्म पर तो कुछ पटरियों के किनारे खड़े हो गए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि डेमू ट्रेन का इंजन खराब होने के कारण अतिरिक्त इंजन जोड़ कर ट्रेन को चलाया जा रहा था। घटना की सूचना रतलाम रेलवे कंट्रोल को दी गई। इसके बाद स्टेशन मास्टर योगेश यादव समेत अन्य स्थानीय रेल अमला मौके पर पहुंचा। इसके बाद जावरा से दूसरा इंजन बुलवाया गया। ट्रेन से अलग हुए इंजन को पहले रेलवे ट्रैक से हटाकर स्टेशन के अन्य ट्रैक पर खड़ किया। इसके बाद जावरा से आए इंजन से ट्रेन को करीब 11:50 बजे रवाना किया। बडायला चौरासी स्टेशन मास्टर योगेश यादव ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण कपलिंग टूटने से इंजन ट्रेन से अलग हो गया। दूसरा इंजन बुलवाकर ट्रेन को एक घंटे में रवाना किया। वहीं रतलाम रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा ने बताया कि कपलिंग टूटने से इंजन अलग हुआ है। किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। जांच के आदेश दिए है।

# मीनाक्षी अपनी निज साख के सहारे संसदीय क्षेत्र का जनमत तलाश रही

**मंदसौर/उज्जैन, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर-नीमच संसदीय क्षेत्र की पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का हिस्सा होने के कारण अहम पदों पर रह चुकी है। वर्तमान में तेलंगाना राज्य की प्रभारी भी है। आज अपने पुराने संसदीय क्षेत्र मंदसौर प्रवास पर हैं। जब से राहुल और मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस संगठन की सर्जरी शुरू की है, तब से कांग्रेस की जनता बढ़ने का अनुमान भी लगाया जाने लगा है। दूसरी तरफ एनडीए के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद भी भारत सरकार के साथ भारतियों का लगातार अपमान होने के बाद जनमत की नाराजगी का लाभ भविष्य में कांग्रेस को सबसे अधिक मिलने वाला है। इस तरह के वातावरण के चलते संभव है कि मीनाक्षी फिर से अपने पुराने संसदीय क्षेत्र जावरा- मंदसौर- नीमच में अपनी उपस्थिति मजबूत कर फिर से कांग्रेस को स्थापित करना चाहती हो। वरना तेलंगाना का प्रभारी बनने के बाद मंदसौर की यात्रा करना राजनीतिक जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है। कांग्रेस कार्यकर्ता यह जानते हैं कि मीनाक्षी अपनी निजी साख और पार्टी के प्रति समर्पण के कारण शीर्ष नेतृत्व की नजर में अपना अलग स्थान बनाए हुए हैं। अत: बीते लोकसभा चुनाव में अगर प्रत्याशी बनना चाहती तो आसानी से बन सकती थी। सूत्रों की माने तो मीनाक्षी के मना करने पर ही नागदा के पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर को प्रत्याशी बनाया गया था।


चन्द्रमोहन भगत

केंद्र की मोदी सरकार की साख जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिर रही है, रुपया गिर रहा है और महंगाई और बेरोजगारी विकराल आकार लेती जा रही है। इधर देश के बुद्धिजीवियों से लेकर आम निम्न मध्यम आय वर्ग के नागरिकों की जीवन यापन में लगातार कठिनाइयां बढ़ते जा रही है। परिवार के खान-पान से लेकर अन्य जरूरी आवश्यक वस्तुओं के लिए भी समझौता करना पड़ रहा है। वर्तमान सरकार के प्रति बनते नकारात्मक वातावरण के कारण देश की राजनीति और जनमत में बदलाव से इनकार नहीं किया जा सकता है।

ऐसे में इसी संसदीय क्षेत्र से सांसद रह चुकी मीनाक्षी फिर से भावी सांसद प्रत्याशी बनने के लिए अपना जन आधार तलाशने के लिए ऐसी यात्राओं को अंजाम दे सकती है। क्योंकि, यहां से सांसद रह चुकी है। इसलिए उनके अपने समर्थकों की टीम पहले से ही क्षेत्र में स्थापित है, सिर्फ उनमें जोश भरना है। यह भी की वर्तमान में भी जितने कांग्रेसी कार्यकर्ता सांसद प्रत्याशी बनने की स्पर्धा में है, वह भी मीनाक्षी नटराजन को ही प्रत्याशी बनाने के पक्ष में खड़े नजर आएंगे। वर्तमान में जावरा, मंदसौर, नीमच संसदीय क्षेत्र से भाजपा के दो सांसद हैं। लोकसभा में तीसरी बार के सुधीर गुप्ता तो राज्यसभा में बंशीलाल गुर्जर और आठ विधानसभाओं में कांग्रेस के एकमात्र मंदसौर से विधायक विपिन जैन है। राजनीतिक कार्यकर्ताओं को यह आभास है कि 2014 के बाद से भाजपा के बजाय एकल नेतृत्व नरेंद्र मोदी के नाम का राजनीतिक वातावरण बनाकर बीजेपी वोट मांगने और पाने में भी सफल होती रही है। पर अब गिरते रुपए, घटती अंतरराष्ट्रीय साख बढ़ती बेरोजगारी और बेड़ियों से बंधे हुए प्रवासियों को देख भारतीयों के मन में भी भाजपा के प्रति नाराजगी पनप चुकी है। इन्हीं कारणों से भाजपा का जनमत घटेगा और दूसरे दलों का बढ़ेगा। कहीं यही कारण तो नहीं तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन के मंदसौर दौरे का...?



# महाशिवरात्रि पर्व के दौरान पार्किंग व्यवस्था, ट्रैफिक, सीसीटीवी, एसडीआरएफ दल सभी व्यवस्थाएं बेहतर करें-कलेक्टर

**अमान्य दवाई एवं बीजों के संबंध में सभी एसडीएम दुकानों पर कार्यवाही करें, साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न**

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी एवं आगामी दिनों में आने वाले सभी त्योहारों की तैयारी करें। जहां पर महाशिवरात्रि पर मेले एवं अन्य गतिविधिया होंगी वहां पर व्यवस्था बेहतर हो। आवश्यक ड्यूटी लगाएं। पर्याप्त पुलिस बल लगाएं। ट्रैफिक प्लान बेहतर बनाएं। आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी कैमरे लगवाए। एसडीआरएफ की टीम अलर्ट रहे। उनकी शिफ्ट में ड्यूटी लगाए। ऐसे स्थान पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो। प्रवेश और निकाशी की व्यवस्था अच्छे से करे। सभी स्थानों पर शांति समिति की बैठक करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे।

विद्यार्थियों की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी एसडीएम सोशल मीडिया पर अलर्ट रहे तथा गलत एवं सही खबरों को वेरीफाई करें। उड़न दस्ते बनाएं। सभी की ड्यूटी लगाए। परीक्षा स्थान पर समस्या हो तो जिला शिक्षा अधिकारी तुरंत एसडीएम को बताएं और तत्काल व्यवस्था सुधारे। परीक्षा के व्यवस्था बहुत अच्छे से हो। सभी एसडीएम अमान्य दवाइयां, बीज की दुकानों पर कार्यवाही करें। दुकानों की जांच करने के लिए दल गठित करें और कार्यवाही करें। गेहूं उपार्जन का कार्य लगातार अच्छे से चलने दे। फसल गिरदावरी के कार्य में तीव्रता लाएं। सर्वेयर, स्लॉट बुकिंग, बारदान, गोदाम की भंडारण क्षमता इत्यादि व्यवस्था को देखे। पीआईयू विभाग शिवना शुद्धिकरण के कार्य को इस माह पूर्ण करें। इसके साथ ही मार्च माह से शिवना शुद्धिकरण की मुहिम शुरू होगी। जिसमें 50 ग्राम पंचायतों में संगोष्ठी आयोजित होगी। शुद्धिकरण, जल बचाओ जैसे महत्वपूर्ण काम होंगे। जल जीवन मिशन, जल संसाधन विभाग इसके लिए प्लान तैयार करें। मंडी सचिव हॉर्टिकल्चर मंडी अलग से बनाएं जाने के लिए शासन को प्रपोजल भेजें।

# उच्च शिक्षा में कौशल विकास एवं नवाचार पर राष्ट्रीय सेमिनार सम्पन्न

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महाविद्यालय के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि उच्च शिक्षा में कौशल विकास एवं नवाचार पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन दिनांक 22.02.2025 को हुआ। उद्घाटन सत्र के प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन प्राचार्य एवं अतिथियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात् सरस्वती वंदना कु.साक्षी चंद्रावत एवं लवली धाकड द्वारा प्रस्तुत की गई। प्राचार्य द्वारा अतिथियो का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं पुष्पहार द्वारा किया एवं अतिथि परिचय देते हुए सभी का हृदय की गहराईयों से स्वागत किया।

वरिष्ठ प्राध्यापक डा.पी.एल.पाटीदार द्वारा विषय प्रवर्तन करते हुए सेमिनार की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। डॉ.पाटीदार द्वारा विषय की प्रासंगिकता को बताते हुए रिसर्च एवं डेवलपमेंट एवं विकसित भारत 2047 की संकल्पना को पूरा करने के लिए सभी क्षेत्रों में सभी की भूमिका की सुनिश्चितता करने पर प्रकाश डाला। नाईजीरिया से ऑनलाईन सेमिनार में जुडे डॉ.पैट्रिक ने विषय पर अपने विचार व्यक्त कियें। आपने तीन कौशल, पांच स्टेज एवं दो मेजर एरिया जो कि स्किल डेवलपमेंट से संबंधित थे, उन पर प्रकाश डाला। बीज वक्तव्य डा.शैलेन्द्र कुमार भारल डीन, फेकल्टी ऑफ कामर्स विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन द्वारा स्किल डेवलपमेंट पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमें हमारी स्किल को पहचान कर उसे विकसित करना चाहिए। उन्होने स्किल इण्डिया मिशन पर प्रकाश डाला। आपने बताया कि नवाचार तभी संभव है जब हम परिवर्तन को स्वीकार करें। आपने भारतीय ज्ञान परम्परा एवं एनईपी 2020 के बारे में बताया एवं इसकी चुनौतियों पर भी चर्चा की। डा.एस.पी.पंवार, प्रभारी प्राचार्य प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर द्वारा शोध पत्र ब्रिजिंग एकेडमिया एंड इण्डस्ट्रीज: द इम्पेक्ट आफ इन्नोवेशन आन हायर एजुकेशन फार वर्कफोर्स रेडी नेस प्रस्तुत किया एवं उन्होने विशेष रूप से टीचिंग, लर्निंग एवं असेसमेंट पर प्रकाश डाला। प्राध्यापक डा.पी.सी रांका द्वारा युवा उद्यमियों की चुनौतियां और समाधान पर शोध पत्र प्रस्तुत किया जिसमें उन्होने विजन, फण्डिंग एवं नवाचार की चुनौतिया एवं समाधान विषय पर प्रकाश डाला।

प्रथम सत्र के चेयरपर्सन प्रो. डॉ.आशुतोष व्यास प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,निम्बाहेडा (राज.) द्वारा एनईपी 2020 के पांच पिल्लर्स एवं स्किल डेवलपमेंट एवं नवाचार के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर नवाचार के बारे में बताया। आपने जेण्डर इक्यूजन फण्ड, भारत नेटवर्क, डिजिटल एजुकेशन टेक्नालाली आदि के बारे में अपने विचार प्रस्तुत कियें। द्वितीय सत्र के चेयनपर्सन डा.नीलकमल पुरोहित , हेड ऑफ द डिपार्टमेंट आफ एकाउण्टेंसी एसएस सुबोध पी.जी.कालेज जयपुर (राज.) द्वारा अपने अध्यक्षीय भाषण में पांच स्किल युनिवर्सिटीज के बारे में बताया। आपने कहा कि शारीरिक, मानसिक, वैज्ञानिक आदि के वास्तविक ज्ञान प्राप्त करने के लिए हमें अपने रूट को पहचानना होगा और भारतीय ऋषि, मुनि, साधु एवं संत की परम्परा को महत्व देना होगा। आपने पाठशाला एवं चटशाला के बारे में बताया। प्रथम एवं द्वितीय सत्र के प्रतिवेदन का वाचन डा.निरंजन गंगवाल सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी द्वारा किया गया। सेमिनार के प्रथम एवं द्वितीय सत्र का संचालन डा.उमा गगरानी प्राध्यापक हिन्दी ने किया एवं आभार डॉ.स्मिता मण्डलोई ने माना। लंच ब्रेक के बाद सेमिनार के तृतीय तकनीकी सत्र प्रांरभ हुआ जिसमें अध्यक्षीय उद्बोधन डा.राखी खाबिया, एसोसिएट प्रोफेसर एक्रोपोलिस इन्स्टीयूट आफ फार्मास्युटीकल एजुकेशन एंड रिसर्च इन्दौर द्वारा उच्च शिक्षा कौशल विकास उद्यमिता और नवाचार का एकीकरण विषय पर उद्बोधन दिया। आपने कहा कि कौशल विकास के माध्यम से किस तरह देश का युवा एक सफल उद्यमी के रूप में देश के विकास में योगदान देगा। इस सत्र के मुख्य वक्ता डा.मिलिन एम.पाटिल एसोसिएट प्रोफेसर, रसायशास्त्र विभगाध्यक्ष , पीएस जीवीपीएम आर्ट, साईस और कामर्स कालेज, शाहदा, महाराष्ट्र के रिसर्च टापिक कैसे चयन करें इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया। ओबेसिटी के उदाहरण से उन्होने थिंकिग, क्राश्चनिंग, कम्पेअरिंग और हायपोथेसिस जैसे घटकों का विस्तृत और सटीक विश्लेषण किया। आनलाईन सेशन संचालन डा.कविता बुन्देला सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र ने किया एवं आभार सुश्री नौरीन कुरेशी सहायक प्राध्यापक वनस्पतिशास्त्र ने माना। यह राष्ट्रीय सेमिनार हाईब्रिड मोड पर किया गया जिसमे प्रथम सत्र, आफलाईन रखा गया तथा द्वितीय सत्र आफलाईन एवं आनलाईन दोनों ही सत्रों का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय सेमिनार में लगभग 109 सहभागियों ने अपनी सहभागिता दी जिसमें राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तरप्रदेश आदि राज्यों व नाईजीरिया से विद्वतजन जुडें।

# भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार सिंगोली आगमन पर वंदना खण्डेलवाल का स्वागत

**✻भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर कार्यकर्ताओं को किया संबोधित ✻ इस अवसर पर जिले में सबसे वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक दुलीचंद जैन का उनके निवास पर पहुंच कर किया सम्मान**

**सिंगोली, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला भाजपा अध्यक्ष बनने के पश्चात प्रथम बार सिंगोली आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खण्डेलवाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया। उपरोक्त विषय की जानकारी देते हुए सिंगोली मंडल के अध्यक्ष राधेश्याम मेघवंशी ने बताया कि दिनांक 24 फरवरी को जिले की नव नियुक्त जिलाध्यक्ष वंदना खण्डेलवाल प्रथम बार सिंगोली प्रवास पर पधारी भाजपा कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया। मेघवंशी ने बताया कि इस वर्ष हम भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी का शताब्दी वर्ष मना रहे हैं।इसी क्रम में आज जिलाध्यक्ष का सिंगोली प्रवास हुआ। जिलाध्यक्ष वंदना खण्डेलवाल ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर सबसे पहले डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय ओर पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया आपके साथ जिला उपाध्यक्ष सुनील कटारिया जिला महामंत्री अशोक सोनी विक्रम जिला मंत्री सुनीता मेहता मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेघवंशी पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल धाकड़ महिला मोर्चे की जिलाध्यक्ष मीना जायसवाल नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन भाया उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड महामंत्री पारस जैन ने भी डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय ओर पंडित



अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाध्यक्ष वंदना खण्डेलवाल ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मुझ जैसी साधारण परिवार की महिला को जिले की बागडोर सौंपकर यह स्पष्टसंकेत दिया कि देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी पुरुषों की हमारी पार्टी में परिवार वाद नही है ना ही पद का घमंड यहा कब किसे क्या जिम्मेदारी मिल जाए ये कोई नहीं जानता है। हम सब इस वर्ष भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष मना रहे हैं उनकी शताब्दी वर्ष मनाना तभी सार्थक होगा जब हम सब उनके बताए मार्ग पर चलकर भारत को पुन: विश्वगुरु बनने मे सहभागी बने। खण्डेलवाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर हम अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का सम्मान भी कर रहे हैं। आज के इस अवसर पर बोलते हुए जिला उपाध्यक्ष सुनील कटारिया और जिला महामंत्री अशोक सोनी विक्रम ने भी पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो पर चलने की बात कही। आज के इस अवसर पर पदाधिकारियों के अलावा वरिष्ठ नेता निर्मल जैन प्रदीप जैन फुल कुमार मलिक प्रेम चंद जैन दिनेश जोशी लोकेश पटवा महिला मोर्चे की मंडल अध्यक्ष पिंकी सोनी युवा नेता प्रशांत पालीवाल पार्षद सुनील सोनी जीवन बलाई आसपास क्षेत्र के जनपद पंचायत सदस्य सरपंच सहित अनेक महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम संचालन पारस जैन ने किया ओर आभार मोतीलाल धाकड ने व्यक्त किया पार्टी की नींव के पत्थर जिले के सबसे वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक दुलीचंद जैन का सम्मान किया पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर भाजपा नेतृत्व पुरे देश में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का सम्मान करने का काम कर रहा है। आज इसी क्रम में सिंगोली प्रवास पर आई जिलाध्यक्ष वंदना खण्डेलवाल ओर पार्टी पदाधिकारियों ने सिंगोली में निवासरत जिले में सबसे वरिष्ठनेता और पूर्व विधायक दुलीचंद जैन का उनके निवास पर पहुंच कर शाल श्रीफल से उनका सम्मान किया। ज्ञात रहे पूर्व विधायक दुलीचंद जैन ने डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय,पंडित अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, राजमाता सिंधिया, कुशाभाऊ ठाकरे, विरेन्द्र कुमार सकलेचा, सुन्दर लाल पटवा जैसे नेताओं के साथ नींव के पत्थर के रूप में काम किया है पूर्व विधायक दुलीचंद जैन के परिजनों ने जिलाध्यक्ष वंदना खण्डेलवाल का किया स्वागत अभिनन्दन जिलाध्यक्ष बनने के पश्चात प्रथम बार अपने नीवास पधारी वंदना खण्डेलवाल का पूर्व विधायक जैन ओर उनके परिवार ने पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत अभिनन्दन किया।

## आर्य समाज में 26 को मनाया जाएगा बोध पर्व

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आर्य समाज मंदसौर द्वारा 26 फरवरी, बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व को ऋषि बोध पर्व के रूप में मनाया जाएगा। महर्षि दयानन्दजी सरस्वती को इस दिन बोध प्राप्त हुआ था इस कारण आर्य समाज प्रतिवर्ष इस दिन को बोध पर्व के रूप में मनाता है।

आर्य समाज प्रधान श्री मधुसूदन आर्य ने बताया कि 26 फरवरी को प्रात: 9 बजे हवन होगा, उसके पश्चात् आर्य विद्वानों द्वारा महर्षि दयानन्द सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा। साथ ही श्री सत्येन्द्र आर्य पिपलिया, श्री कुंजीलाल पाटीदार नैनोरा ने अपने घर पर मांगलिक कार्य में वेद पारायण यज्ञ करने पर उनका अभिनन्दन भी इस दौरान किया जाएगा। उसके पश्चात् फलिहारी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। सभी आर्य समाजजनों एवं श्रद्धालुओं से महाशिवरात्रि एवं बोध पर्व पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

## पंचमेश्वर महादेव पर होगा आयोजन

**पिपलियामंडी, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को कनघट्टी मार्ग स्थित पावागढ धाम स्थित पंचमेश्वर महादेवर पर विभिन्न अयोजन होंगे। प्रात: 8 से 12 बजे तक रुद्राभिषेक, शाम को महादेव का भांग से विशेष श्रृंगार होगा व सात बजे महाआरती होगी। पुजारी विजय गुरु ने धर्मप्रेमियों से आयोजन में शामिल होने का अनुरोध किया।

# नीमच के महांकाल श्री किलेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर उमड़ेगा भक्तों का सैलाब

**नीमच, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच के महांकाल के नाम से प्रसिद्ध श्री किलेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर उल्लास और उत्साह का माहौल बना हुआ है। शाम ढलते ही मंदिर परिसर में आकर्षक विद्धुत साज सज्जा के साथ ही रंग—बिरंगे फव्वारें भक्तों को प्रफुल्लित कर रहे है। भोलेनाथ का दरबार भी दिव्य व आलोकिक है। चमत्कारिक प्रतिमा के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया है। 25 फरवरी से तीन दिवसीय मेले की शुरूआत होगी। नीमच ही नहीं बल्कि आस—पास के लाखों भक्त महाशिवरात्रि में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए उमडेंगे।

नीमच रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर करीब 450 साल पुराने चमत्कारिक श्री किलेश्वर महादेव मंदिर की दिव्यता और भव्यता नवरात्रि के दौरान देखने लायक है। मंदिर परिसर में कदम रखते ही भक्तों का सुखद अनुभूति होती है वहीं दूसरी और भोलेनाथ के दर्शन मात्र से ही भक्तों के कष्ट दूर होते है। यहां के भोलेनाथ के भक्त देश के कोने—कोने में है, जो महाशिवरात्रि पर उमडेंगे। महाशिव रात्रि को लेकर मंदिर परिसर से लेकर मंदिर को आकर्षक रूप दे दिया गया है, भक्तों के आने से लेकर जाने की सुगम व्यवस्था, वहीं बगीचे में रंग—बिरंगे मनोहारी फव्वारें भक्तों में नई उर्जा का संचार कर रहे है। 25 फरवरी से तीन दिवसीय मेले की शुरूआत होगी, मेले में खान—पान की स्टॉले, झूले—



चकरियां सहित स्टॉले लगेगी। इसके साथ ही तीन दिवसीय लघु रूद्र यज्ञ की शुरूआत होगी। सुबह 9 से 11 और दोपहर 3 से शाम पांच बजे तक तीन दिनों तक यह यज्ञ चलेगा। महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को भक्तों की भीड को लेकर खास इंतजाम किए गए है। सुबह 4 बजे से भक्तों का जलाभिषेक शुरू हो जाएगा, जो दोपहर एक बजे तक चलेगा। शाम सात बजे भगवान भोलेनाथ का राजसी श्रृंगार होगा, जिसमें भोलेनाथ को फूलों से सजाया जाएगा। 56 भोग की महाप्रसादी वितरण भी होगा।

**भक्तों के लिए बगीचा बना भक्ति का केंद्र**-शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय कश्मीरीलाल अरोरा (गंगानगर) की स्मृति में उनके सुपुत्र अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा श्री किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थित अत्याधुनिक और आकर्षक बगीचें का निर्माण करवाया गया है, जिसमें हरी घास, बैठने के लिए कुसियां, तरह—तरह के पौधे, रंग—बिरंगे फुव्वारें सहित कई सुविधाएं है, यह सुंदर बगीचा भक्तों के लिए भक्ति का केंद्र बन गया है। परिवार सहित भक्त चंद देर के लिए बगीचे में बैठकर भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन हो जाते है।

**साक्षात विराजित है भोलेनाथ**-किलेश्वर महादेव मंदिर में साक्षात भोलेनाथ विराजित है। प्रतिमा इतनी चमत्कारी है कि भक्त कोई भी मन्नत सामने खडे रहकर मांगता है तो उसकी मन्नतें पूरी हो जाती है। सीआरपीएफ परिसर से सटे हुए इस प्राकृतिक सौंदर्य भी देखने लायक है। मंदिर की दिव्यता भक्तों को कोसों दूर से खींचकर ले आती है।

## श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व मनेगा

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पुरानी सब्जी मंडी घंटाघर स्थित अति प्राचीन एवं चमत्कारी श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में



26 फरवरी, बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। इस हेतु ट्रस्ट द्वारा समस्त तैयारी पूर्ण की गई है। महाशिवरात्रि के दिन मंदिर को विद्युत साज-सज्जा एवं पुष्पों से सजाया गया है। भगवान भूतेश्वर महादेव के दर्शन हेतु पुरुष एवं महिलाओं की अलग-अलग कतार लगाने की व्यवस्था की गयी है।

ट्रस्ट अध्यक्ष उषाबेन पटेल, उपाध्यक्ष गोपाल गुरु, सचिव ओमप्रकाश गुप्ता, सहसचिव किशनलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष राजमल पालीवाल, सदस्य विक्रम विद्यार्थी, सुरेन्द्र कुमार बंदूकवाला, सुरेश कोठारी ने बताया गया की महाशिवरात्रि पर्व पर सायं 7 बजे महाआरती एवं प्रसादी वितरण होगा । रात्रि को मंदिर में भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। सूर्योदय के साथ श्री भूतेश्वर महादेव का अभिषेक प्रारंभ होगा। तथा रात्रि पहर पं. श्री गोपालकृष्ण त्रिपाठी द्वारा वेद मंत्रों के साथ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पाठ किया जाएगा। श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट ने सभी भक्त जनो से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान भूतेश्वर महादेव के दर्शनों एवं प्रसादी का लाभ लें।

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के हकदार सक्षमता के महारत सुरेन्द्र कुमावत

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नि:संदेह कांग्रेस संगठन के लिए श्री सुरेन्द्र कुमावत कह प्रतिबद्धता विशाल होकर उसकी पूर्ति करने की लगनशीलता



गहरी है और प्रयत्नशीलता दृढता की पर्याय है। आपकी प्रकृति कोई मंदिर नहीं, कार्यशाला है जिसमें कुशल कर्मकार सुरेन्द्र कुमार कुमावत बैठा है। खुद के लिये नही कोई इच्छा और उम्मीद है, अपितु कांग्रेस संगठन के लिये मन में कर्त्तव्य निष्ठता पूजनीय है, वंदनीय है। आप में पैदा विश्वास एकताई सपनों को हकीकत में बदलने का माद्दा रखता है। आपकी प्रकृति संगठन के लिये प्राणदायी है। आप कांग्रेस संस्कृति के आधार, कर्तव्यनिष्ठता के भण्डार और समर्पण के मेरुदण्ड है।

यह भी सही है कि समर्पण सहजता से नहीं मिलता, क्योंकि सरलता से मिली उपलब्धि महान नहीं होती। आप चाहे हवा के रुख को तो नहीं बदल सकते पर लक्ष्य के हिसाब से उसे व्यवस्थित स्वरूप देने की काबलियत तो रखते हैं। सफलता की ईमारत परिश्रम की धूप में खडी होती है। आपका मामना है कि मेहनत के बाद भी यदि सपने पूरे नहीं होते तो रास्ते चाहे बदल दे पर सिद्धान्त कदापि नहीं। रास्ते से मतलब मात्र अवस्थाओं से है, क्योंकि पेड भी पत्ते बदलते है, जड नहीं।

जीवन के हर कदम में मोड और रूकावटें है, भरोसा यदि सशक्त है तो सफलता अवश्य कदम चूमती है। मंजिल से ज्यादा सफर का मजा है। सक्रियता संघर्ष की जननी तो है ही आत्मबल की कामना और विश्वास की ताकत भी है। सर्वविदित है कि आपको कांग्रेस संगठन में जीतने भी उत्तरदायित्व पूर्ण कार्य सौंपे गये। आपके उसमें अपने को पूर्ण निष्ठा से केन्द्रीत कर पूरी एकाग्रता से उसे निभाया और उसे गति दी। आपको कर्त्तव्य निर्वहन में आने वाला आनन्द स्वाभिमान की संगठनात्मक पूंजी है, अवसर प्राप्त होते ही काम को शानदार शालीनता से अंजाम देने की ललक आप में है। आप अपने के समाये हैं। हजारों हजार सूरज के उजालें (पुरुषार्थ) ने आपको तराशा है इसीलिये वक्त ने आपको संवार कर जिला कांग्रेस मन्दसौर अध्यक्ष पद का हकदार बनाया है। मेरे ये विचार कांग्रेस संगठन के लिये भविष्य की आहट हैं जो अनुभव की उपजी सत्यता की पहल वाली रोशनी है, जो कांग्रेस संगठन के मानस पटल को अवगत कराने की कुंजी है।



**शन्तिलाल सगरावत, मंदसौर**

# प्रसिद्ध आरोग्य तीर्थ-जहां श्रेष्ठतम चिकित्सक तो है पर दवा की व्यवस्था बिगड़ गयी

**मनासा, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** करोडों लोगों के एक ही पर्व पर,एक ही शहर में, एक ही नदी मे स्नान करने की चर्चा पूरी दुनिया में है। प्रयागराज कुम्भ के बहाने भारतीय संस्कृति मे तीर्थ और स्नान के महत्व को पुनर्रेखांकित करने, इसे जाग्रत करने एवं मन की शुद्धि के लिये तन की शुद्धि के महत्व को पुर्नप्रतिपादित करने का एक अवसर है। हम जानते है कि हमारे अधिकांश तीर्थ या तो पहाड़ों पर है या नदी,सरोवर या समुद्र किनारे जैसे द्वारका, जगन्नाथपुरी,रामेश्वरम, कन्याकुमारी, सोमनाथ आदि या नदी किनारे जैसे गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ, नासिक, मथुरा,वृंदावन, हरिद्वार, ऋषिकेश, या उज्जैन सभी नदी किनारे है,या सरोवर किनारे जैसे पुष्करा।तीर्थ मे स्नान का विशेष महत्व है। हम स्थानीय स्तर की बात करें तो नीलकंठ महादेव, ढंढेरी चारभुजा,वराह बालाजी आदि नदी किनारे है तो तिलस्वा महादेव एक कुंड के किनारे तो प्रसिद्ध आरोग्य तीर्थ भादवा माताजी एक बावडी के किनारे है। और यह भी महत्पूर्ण है कि लकवाग्रस्त मरीजों के इलाज मे माताजी दर्शन, परिसर मे विश्राम और बावडी के पानी से नहाना और पीना स्वास्थ्य सुधार के लिये महत्वपूर्ण और आस्था जनक है। यानि माताजी के दर्शन के साथ ही बावडी के पानी का भी महत्व समान रूप से जुड़ा हुआ है जैसे डॉक्टर और दवा का।

आज से करीब 5 - 6 दशक पूर्व इस कुंड के पास ही एक बड़ा महिला स्नानघर बना हुआ था जिसमें पच्चीसों महिलाएं स्नान करती थी,पुरुष कुंड के बाहर धाणे पर लगी घिर्रियों से रस्सी बाल्टी से पानी खिंचकर नहाते थे। आज से करीब 30 वर्ष पूर्व लगभग 8-10 साल तक नवरात्रि के 9 ही दिन हम कुछ साथियों के साथ मनासा से भादवामाता पैदल जाते थे और कुंड से 3-4 बाल्टी पानी खिंचकर नहाते थे तो अलग ही ताजगी का अनुभव करते थे। आज नीलकण्ठ और ढंढेरी नदी पर बने घाट विरान हो गये हैं, कारण मगरमच्छ की दहशत से घंटों नहाने के स्वास्थ्यवर्धक आनंद और मन शुद्धि के पूर्व तनशुद्धि की यह परंपरा अब समाप्त हो गयी है।इस विषय पर तीन वर्ष पूर्व लिखा मेरा एक लेख भी कुछ अखबारों मे प्रकाशित भी हुआ था, पर किसी भी जनप्रतिनिधि या प्रशासकीय अधिकारी ने इस समस्या के निर्मूलन की तरफ ध्यान दिया हो ऐसा सुनने मे नही आया। यही स्तिथि भादवा माता मे हो गयी। आज से 28-30 वर्ष पूर्व जब प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सुन्दरलाल पटवा भी संबंधित बीमारी की चपेट मे आ गये थे तो नवरात्रि के 9 ही दिन भादवा माता मे रहे थे और हम उन्हें नित्य बावडी पर स्नान करते देखते थे। ये भादवा महारानी के प्रति उनके अगाध विश्वास और बावडी के जल का प्रताप था जो उन्हें इस बीमारी से लगभग छुटकारा मिल गया था और माता के प्रति बढी आस्था के कारण उन्होंने सांसद निधि से 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर जवासा से भादवा माता तक की चौडी सीमेंट कंक्रीट सड़क बनवाई थी। प्रसिद्ध कवि एवं सांसद बालकवि बैरागी के दिशानिर्देश पर भादवा माता एवं बावडी के जल के चमत्कार पर एक फिल्म 'भादवा माता ' भी बनी थी। बावडी के पानी की महिमा बैरागीजी ने अपने एक मालवी भजन मे यूँ कि थी जो बच्चे बच्चे को याद है-

'जय हो भादवा की राणी, थारो अमृत पाणी, सारे जग को ताप निवार्यो है'

यानि ताप निवारण मे भादवा माता के मन्दिर के पास बनी बावडी का जल, मातारानी की कृपा का माध्यम है। मुझे अच्छी तरह याद है कि उस समय घर में गंगाजल के साथ भादवा माता की बावडी का पानी भी संगृहीत रहता था। आज से 25-30 वर्ष पूर्व तक बाहर से आने वाले अधिकांश श्रद्धालु नहाते थे, फिर दर्शन करते थे। आज नीमच जिले की तीनों तहसीलों के सांसद, विधायक, नगर पंचायत सदस्य, पंच-सरपंच अधिकारी आदि ऐसे करीब 2000 से ज्यादा शख्सियतों मे से नहाने की व्यावस्था बिगड़ने से अधिकांश जन साल दो साल मे भी भादवा माता मे नहा नही पाये होंगे। आज जबकि मंदिर परिसर का मास्टर प्लान बना है आसपास की कई पुरानी धर्मशालाओं को तोड़कर हटाने से जगह की भी काफी इफरात हो गई है मंदिर निर्माण मे तकनीकी पहलुओं का ध्यान रखा जा रहा है, संशोधन,परिवर्तन, परिवर्धन किये जा रहे है तो ऐसे मे बावड़ी के पानी के महत्व को ध्यान रखते हुए,बावडी के आसपास ही नहाने की व्यवस्था इस ढंग से की जाए कि श्रद्धालु पूर्ववत वहाँ नहा भी ले और 5-6 फीट उँची दीवार नहाने के चौगान से 15 फीट दूर इस तरह बनाई जाए कि नहाने वालों एवं अन्य दर्शनार्थियों के बीच एक परदा भी हो। साथ ही चबूतरा 1-2 फीट उँचा बना कर नीचे नाली से पानी का निकास सुसंगत हो, एवं कुछ खुली जगह ऐसी छोडी जाए कि नहाने के बाद वस्त्र बदले जा सके एवं गीले पैर अंदर ही सूख जाए इतनी खुली जगह भी हो। वास्तु इंजीनियर के लिये यह योजना बहुत बडी नही है। कुछ जानकार लोगों ने उदाहरण दिया कि जैसे कैल्शियम के साथ विटामिन डी का होना जरूरी है वैसे ही लकवा के इलाज के लिये भादवा माता जी में आस्था पूर्ण दर्शन के साथ बावडी के जल से नहाना भी जरूरी है। कई लोगों की भावनाएं भी यही है पर वो मुखर नही



हो पाते। एक भक्त ने क्या ही ग़ज़ब तुलना कर बताया कि जैसे हरिद्वार मे किसी होटल या धर्मशाला मे स्नानघर मे गंगा से ही अपूर्ति किए जाने वाले जल से स्नान मे गंगाजी मे नहाने वाली संतुष्टि नही मिल सकती वैसे ही कुंड के पानी को अन्यत्र ले जा कर नहाने से कुंड से सीधे पानी खींचकर स्नान करने वाली संतुष्टि नही मिल सकती। संवेदनशील जिलाधीश महोदय से आग्रह है कि भादवा माता योजना मे इस महत्वपूर्ण विषय को समाहित कर निर्णय लेने मे अपने प्रभाव का उपयोग करें ताकि तीर्थ स्थलों पर स्नान ध्यान की यह पवित्र भावना सिर्फ कुंभ या माघ मैले तक ही सिमित नही रह जाए। उम्मीद है योजना से जुडे अन्य सदस्य भी इस परम्परा को बनाए रखने और बावडी के जल एवं स्नान की महत्ता को बनाए रखने हेतु निर्णय लेंगे। और हम इन पंक्तियों को गा कर आनंदित हो सकेंगे-

'जय हो भादवा की राणी, थारो अमृत पाणी'

**बृजमोहन समदानी,मनासा**

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 34 | 2099 | 2421 |
| उडद | 39 | 4500 | 6574 |
| सोयाबीन | 4882 | 3901 | 4200 |
| गैहु | 4000 | 2810 | 3125 |
| चना | 280 | 4252 | 5591 |
| मसुर | 516 | 5100 | 5789 |
| धनिया | 1685 | 4020 | 7220 |
| लहसुन | 20000 | 3700 | 6200 |
| मैथी | 820 | 3699 | 5350 |
| मुंगफली | 1108 | 4255 | 5300 |
| अलसी | 1501 | 5740 | 6095 |
| सरसो | 2200 | 5310 | 5711 |
| तारामीरा | 10 | 4160 | 4240 |
| इसबगोल | 44 | 8200 | 12777 |
| प्याज | 1983 | 1000 | 2400 |
| कलोंजी | 1 | 6000 | 15481 |
| तुलसी बीज | 1 | 12301 | 12301 |
| डॉलर | 11 | 3601 | 7000 |
| तिल्ली | 4 | 8801 | 8840 |
| जौ | 10 | 2310 | 2400 |
| मटरसुखी | 9 | 2951 | 4799 |
| असालीया | 210 | 6826 | 7175 |
| चियाबीज | 85 | 9500 | 11000 |

# हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश औद्योगिक भारत के मानचित्र पर भी केन्द्र बिन्दु-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दुनिया आज नए औद्योगिक युग में प्रवेश कर रही है। वैश्विक निवेशक स्थिरता, व्यापार की सुगमता और टर्न ओवर एवं प्रोफिटेबिलिटी में दीर्घकालिक वृद्धि की तलाश में हैं। इन परिस्थितियों में भोपाल में आयोजित हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस)-2025 मध्यप्रदेश को इस बदलाव नेतृत्व-कर्ता के रूप में उदित होने के लिये स्वर्णिम अवसर है। इस आयोजन की सफलता से भारत का हृदय प्रदेश राष्ट्रीय ही नहीं वैश्विक औद्योगिक निवेशों का नया केंद्र बन कर उभर रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 मध्यप्रदेश को भारत के औद्योगिक हृदय-स्थल और वैश्विक निवेश की धुरी बनने का ऐतिहासिक अवसर है। यह वह मंच होगा जहाँ मध्यप्रदेश अपनी ताकत, नीतियों और निवेश के लिए बनाए गए अनुकूल माहौल को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत करेगा। वैश्विक निवेशक तीन बातों को प्राथमिकता देता है, स्थान, नीति और मूलभूत सुविधाएँ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने की मुहिम में जुटे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व ने प्रदेश को इन सभी मानकों पर खरा उतरने के योग्य बन दिया है।

उद्योगों के विकास के लिए फास्ट-ट्रैक मंजूरी, सिंगल-विंडो क्लियरेंस और उद्योग-हितैषी नीतियाँ निवेशकों को समय और लागत दोनों में लाभ पहुंचाने में सक्षम रणनीतियों से सरकार ने एक ऐसा वातावरण तैयार किया है राज्य में विकसित हो रहे औद्योगिक गलियारे, लॉजिस्टिक्स पार्क और स्मार्ट शहर इसे भारत का निवेश-आकर्षण बना रहे हैं।



देश के केंद्र में स्थित होने के कारण यहाँ से भारत ही नहीं दुनिया भर के बड़े उपभोक्ता बाजारों तक आसानी से पहुँचा जा सकता है। मध्यप्रदेश अब विनिर्माण क्षेत्र में भारत के सबसे महत्वपूर्ण केंद्रों में से एक बनकर उभर रहा है। सरकार द्वारा दी जा रही रियायतें और प्रोत्साहन इस दिशा में निवेशकों का भरोसा मज़बूत कर रहे हैं। पूँजीगत सब्सिडी, स्टांप शुल्क में छूट और औद्योगिक पार्कों में तैर्यार मूलभूत इन्फ्रास्ट्रक्चर उद्योगों को तेज़ी से स्थापित और विस्तारित करने में सहायता कर रहे हैं। लॉजिस्टिक्स को आधुनिक बनाने के लिए किए गए निवेश के कारण अब आपूर्ति श्रृंखला और माल परिवहन अधिक सुगम हो गया है, जिससे निवेशकों को राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए और अधिक आकर्षक संभावनाएँ दिख रही हैं। वैश्विक व्यापार अब स्थायी विकास की ओर बढ़ रहा है और मध्यप्रदेश इस हरित क्रांति का एक प्रमुख स्तंभ बनने के लिए तैयार है। प्रदेश की नई ऊर्जा नीति में 12 हजार मेगावाट ग्रीन एनर्जी उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे उद्योगों को क्लीन-ग्रीन और सस्ती बिजली पर्याप्त मात्रा में मिल सके। राज्य सरकार ने नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए ट्रांसमिशन चार्ज छूट और प्राथमिकता के आधार पर भूमि आवंटन जैसी नीतियाँ लागू की हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी निर्माण को गति देने के लिए भी विशेष प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। प्रमुख मार्गों पर चार्जिंग स्टेशनों का व्यापक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, जिससे हरित ऊर्जा को वास्तविक रूप में लागू करने की दिशा में तेज़ी से प्रगति हो रही है।

मध्यप्रदेश अब सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में भी प्रभावी रूप से आगे बढ़ रहा है। सेमीकंडक्टर नीति-2025 के अंतर्गत निवेशकों को बड़े पैमाने पर पूँजीगत सब्सिडी और तेज मंजूरी प्रक्रियाओं की सुविधा दी जा रही है। इस क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना के लिए नो-क्वेरी पोर्टल विकसित किया गया है, जो निवेशकों को बिना किसी जटिलता के अपने उद्योगों की शुरुआत करने की अनुमति देता है। इसके अलावा, वीएलएसआई और सेमीकंडक्टर डिज़ाइन प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना से इस उद्योग के लिए कुशल कार्यबल विकसित करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। डिजिटल अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश नए मानक स्थापित कर रहा है। ड्रोन नीति 2025 बना कर राज्य को भारत का अग्रणी ड्रोन निर्माण केंद्र बनाने की दिशा में तेज़ी से कार्य किया जा रहा है। सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुसंधान अनुदान और सब्सिडी के कारण ड्रोन निर्माण, लॉजिस्टिक्स, कृषि और आपदा प्रबंधन में तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा मिल रहा है। राज्य में स्टार्ट-अप इकोसिस्टम भी अभूतपूर्व गति से बढ़ रहा है। सरकार द्वारा स्टार्ट-अप फंड और वैश्विक नेटवर्किंग को प्रोत्साहित करने के लिए दी जा रही सहायता से यहाँ नए उद्योगों की स्थापना की संभावनाएँ सशक्त हो रही हैं। आर्थिक विकास तभी सार्थक माना जाता है जब उद्योगों के साथ ही रोज़गार के अवसरों का भी विस्तार हो। मध्यप्रदेश में लागू की जा रही नीतियाँ न केवल उद्योगों को निवेश के लिए आकर्षित कर रही हैं, बल्कि इससे लाखों युवाओं के लिए रोज़गार के नए द्वार भी खुल रहे हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में 20 लाख से अधिक नौकरियों के नए अवसर सृजित करना है। इसमें एमएसएमई क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित हो रही कंपनियों के लिए सरकार ने प्रोत्साहन योजनाएँ शुरू की हैं, ताकि नए कर्मचारियों का आर्थिक सहयोग के साथ कौशल उन्नयन भी किया जा सके। मध्यप्रदेश अब वैश्विक निर्यात क्षेत्र में भी तेजी से बाहें पसार रहा है। राज्य सरकार ने नए निर्यातकों के लिए वित्तीय सहायता, फ्रेट सब्सिडी और विशेष निर्यात संवर्धन क्षेत्रों की स्थापना जैसी पहल की हैं। इससे यहाँ के उत्पाद वैश्विक बाजार में अपनी पहचान बना सकेंगे। आज मध्यप्रदेश केवल भारत के लिए ही नहीं, अपितु पूरी दुनिया के लिए विनिर्माण केंद्र बनता जा रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 एक ऐसा मंच बनने जा रही है जहाँ नए औद्योगिक साझेदारियों और ऐतिहासिक निवेश समझौतों की नींव रखी जाएगी। इस समिट के माध्यम से प्रदेश सरकार देश के साथ ही वैश्विक उद्योग जगत के साथ नए संबंध स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की है कि 2030 तक राज्य की औद्योगिक अर्थव्यवस्था को छह लाख करोड़ रुपये तक पहुँच जाएगी। वैश्विक निवेश परिदृश्य तेज़ी से बदल रहा है और मध्यप्रदेश बदलाव की इस लहर पर सवार होकर अपने औद्योगिक निवेश को नये क्षितिजों तक पहुंचाने में जुटा हुआ है। प्रदेश व्यापारिक सुगमता, विश्वस्तरीय अधोसंरचना और कुशल कार्यबल के साथ भारत के सबसे भरोसेमंद निवेश स्थलों में से एक बन गया है। जीआईएस-2025 अवसर मात्र नहीं, अपितु भारत के भविष्य का निर्माण करने की कुंजी है।



**खाटू श्याम मेला-** मंदसौर में खाटू श्याम मंदिर परिसर में 15 दिवसीय मेला प्रारंभ हो गया है। मेले में बाहर से अनेक दुकानदारो ने आकर अपनी दुकाने सजाई है। झूले-चकरी सहित बच्चो के मनोरंजन के लिए भी कई आयटमो की दुकाने लगी है। मेला आयोजक शैलेन्द्रसिंह राठौर ने आमजन से अपील की है कि बाबा के दर्शनो का लाभ लेकर मेले का आनंद ले।

# कलेक्टर व एसपी ने महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी को लेकर पशुपतिनाथ मंदिर का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति की बैठक मंदिर सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने मंदिर प्रबंध समिति को निर्देश देते हुए कहा कि मंदिर के सभी गेट्स पर सीसीटीवी कैमरे एवं लाइट लगाए। गेट पर कर्मचारी भी तैनात रहे। बुजुर्ग व दिव्यांग व्यक्तियों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था करें। मंदिर प्रबंध समिति को निर्देश दिए कि, मंदिर की आकर्षक विद्युत साज-सज्जा करे। फ्लावर एवं चुनरी डेकोरेशन, टेन्ट, कारपेट, रास्तों की सज्जा, गर्भगृह सज्जा, चुनरीदार गेट का निर्माण करे। पुलिस विभाग ट्रैफिक की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था बहुत अच्छे से करें। ट्रैफिक में मूवमेंट बहुत अच्छे से होना चाहिए। मंदिर परिसर में अलाउंसमेंट की व्यवस्था भी हो। नगर पालिका एप्रोच रोड पर लाइट चालू करें। इसके साथ ही किला रोड के खंभों पर विशेष लाइट लगाए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद,



मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, एडिशनल एसपी श्री गौतम सिंह सोलंकी, मंदसौर एसडीएम श्री शिवलाल शाक्य सहित प्रबंध समिति के सदस्य मौजूद थे।

महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों के कतारबद्ध सुलभ दर्शन, मंदिर परिसर में सुरक्षा एवं पार्किंग आदि व्यवस्था हेतु बेहतर करे। नगर पालिका सफाई- सम्पूर्ण परिसर, घाट, पहूच मार्ग, छोटी पुलिया व बडी पुलिया समस्त आसपास के स्थान की करे। छोटी पुलिया व बडी पुलिया के मार्ग की स्ट्रीट लाईट दुरूस्ती, चन्दपुरा रोड, खिलचीपुरा रोड, पुरानी कोर्ट रोड स्ट्रीट लाईट दुरूस्ती करे। वाहन स्टेण्ड व्यवस्था, आवागमन रास्तों पर चुना लाईनिंग, जल व्यवस्था के लिए पानी टेन्कर, नल आदि की मंदिर परिसर एवं आवागमन मार्ग पर करे। घाट पर जॉली लगाने के लिए निर्देशित किया। एमपीईबी विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत की पर्याप्त आपुर्ति प्रदाय करें। मंदिर परिसर की विद्युत आपुर्ति निरन्तर बनाये रखने हेतु लाईनमेन की ड्यूटी लगाये। होमगार्ड विभाग को निर्देश दिए कि, महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों के स्नान आदि हेतु नदी घाट पर गौताखोर की ड्यूटी लगाये जाने तथा लाईफ जेकेट आदि संसाधन साथ में रखे जाने के निर्देश डिप्टी कमाण्डेट होमगार्ड को दिये गये। मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों के दर्शन, लाईन व्यवस्था हेतु बैरिकेटिंग आदि की व्यवस्था मंदिर परिसर में किये जाने हेतु कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. मन्दसौर को निर्देशित किया। महाशिवरात्रि पर्व दर्शनार्थियों के अभिषेक, पुजन, एव आरती की व्यवस्था द्वितीय हॉल में रहेगीं। मंदिर पुजा व्यवस्था में संस्कृत पाठशाला के बटूको की सेवा ली जावे। वर्तमान में चल रहे 14 गार्ड के साथ शिवरात्रि पर्व पर अस्थाई रूप से एक दिवस हेतु अतिरिक्त गार्ड की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

**महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान पशुपतिनाथ मंदिर आराधना हॉल में शाम 6:30 बजे होंगे शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियों का होगा आयोजन-**महाशिवरात्रि के पर्व के अवसर पर भगवान पशुपतिनाथ मंदिर आराधना हॉल में शाम 6:30 बजे शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियाँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के रसास्वादन का आयोजन होगा। सागर के कलाकार जुगलकिशोर नामदेव एवं साथी द्वारा लोकगायन की प्रस्तुति दी जाएगी। इंदौर के कलाकार कविता तिवारी एवं साथी द्वारा महादेव केन्द्रित नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। नर्मदा पुरम के कलाकार दामिनी पठारिया एवं साथी द्वारा भक्ति गायन किया जाएगा।

# सीवरेज योजना एवं ग्रीष्म ऋतु में पेयजल प्रबंधन हेतु नपा जलकार्य समिति की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका जलकार्य एवं सीवरेज विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक कल सोमवार को नपा सभागृह में आयोजित हुई। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं सभापति श्री निलेश जैन की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में जलकार्य समिति के सदस्यगण श्रीमती सुनीता अशोक भावसार, श्रीमती सुनीता नंदलाल गुजरिया, श्री कमलेश सिसौदिया, श्री गोवर्धन कुमावत, श्रीमती माया भावसार, नपा उपयंत्रीगण श्रीमती विधु रानी कौरव, श्री शाहिद मिर्जा एवं जलकार्य विभाग में चल रही योजनाओं की कंसलटेंट एजेंसियों के प्रतिनिधिगण एवं नपा के लाईनमेन भी उपस्थित थे।

बैठक में नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर व सभापति श्री जैन ने लाईनमेनों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने प्रभार के क्षेत्रों में पेयजल का यदि अपव्यय होता है तो उसे रोकने के आवश्यक उपाय करें ताकि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की उपलब्धता बनी रहे। लाईनमेन अपने अपने प्रभार के क्षेत्रों



में पेयजल की पाइप लाइन टूट फूट के कारण जो पानी का अपव्यय होता है उसे रोकने के लिये सचेत रहे। लाईनमेन नागरिकों से अपील करे कि वे नलों में टोटिया लगाये। बैठक में अवैध/अविकसित कॉलोनियों के निवासियों को नल कनेक्शन के नियमों में शिथिलीकरण करने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में सभापति श्री जैन ने कहा कि म.प्र. शासन ने नगर की जिन 60 कॉलोनियों को वैध घोषित किया है उन कालोनीवासियों से विकास शुल्क की प्रथम किश्त लेकर उन्हें नल कनेक्शन देने की आवश्यक कार्यवाही करे। नपाध्यक्ष एवं सभापति ने आगामी होली पर्व को हर्षोल्लास से मनाने के लिये धुलेंडी व रंगपंचमी पर अतिरिक्त जल प्रदाय करने के निर्देश भी दिये। बैठक में अमृत 2 योजनान्तर्गत सीवरेज योजना एवं नवीन फिल्टर प्लांट सहित तीन नवीन टंकियों के निर्माण की योजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई एवं समिति के सभी सदस्यों को इन योजनाओं के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की जानकारी कंसलटेंट एजेंसी के श्री राकेश मालवीय के द्वारा दी गई और बताया कि सीवरेज योजना अंतर्गत मंदसौर नगर में लगभग 280 कि.मी. सीवरेज पाईप लाईन का कार्य शीघ्र प्राप्त होने की संभावना है। योजना में लगभग 8 हजार से अधिक हाउस चेंबर तथा विभिन्न क्षेत्रों में 9 इंटरमीडिएट पीपींग स्टेशन बनेंगे तथा 24 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनेगा। बैठक में यह भी बताया कि संजय हिल्स, टिगरिया, संजीत रोड़ पर तीन पानी की टंकिया एवं नवीन फिल्टर प्लांट के टेंडर हो चुके है तथा कार्य शीघ्र प्रारंभ होने वाला है। बैठक में समिति के सदस्यों ने अपने-अपने सुझावों से नपाध्यक्ष व सभापति को को अवगत कराया जिस पर नपाध्यक्ष व सभापति ने नपा के स्टॉफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# रासेयो के स्वयंसेवकों ने शिविर के तृतीय दिवस ग्रामीणों से अफीम की खेती के बारे में जाना

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के संस्था स्तरीय रासेयो शिविर के तृतीय दिवस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे जानकारी देते हुए बताया कि रासेयो शिविर के बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय से पधारे गणित विभाग के विभागाध्यक्ष वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. टी. के. झाला ने विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता करवाई एवं विद्यार्थियों को सम्मानित किया।अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा सिंह ने आनंदम की गतिविधियां करवाई एवं विद्यार्थी तनाव भरे जीवन में कैसे खुश रहे उसके बारे में जानकारी दी। वनस्पति विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. संतोष कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण तथा जैव विविधता संरक्षण पर संबोधित किया।

कार्यक्रम में विजन संस्था के निर्देशक श्री सुनील कंडारा ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें? यह बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने अतिथियों का परिचय करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयंसेविका रविना भांभी एवं संचालन स्वयंसेविका हर्षिता पाटीदार ने किया।अतिथियों का आभार स्वयंसेविका रानू जैन ने माना। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी इकाई डॉ. ललिता लोधा एवं प्रो. प्रहलाद भट्ट उपस्थित रहे। प्रात:काल में प्रभात फेरी कर नगर भ्रमण किया एवं ग्राम रीछालाल मूंहा के वरिष्ठ कृषक बालाराम पाटीदार के खेत पर हो रही अफीम की खेती का निरीक्षण कर अफीम रूपी मादक द्रव्य के लाभ एवं नुकसान दोनों विषयों पर चर्चा की गई। परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम पंचायत एवं सामुदायिक भवन के आसपास स्वच्छता की गई एवं वहां लगे पौधे के चारों तरफ क्यारियों का निर्माण किया गया। शिविरार्थियों ने पंचायत भवन में बैठकर मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को भी सुना। सायंकाल में ग्राम भ्रमण के दौरान गांव के सरपंच श्री मधुसूदन जी पाटीदार द्वारा शिविरार्थियों को इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के तहत स्टोन क्रशर प्लांट मधुसूदन इंफ्राटेक के साथ साथ ए. एवं एम. एंटरप्राइजेज पर सीमेंट पाइप प्लांट , फ्लाई एश ब्रिक प्लांट, पेवर प्लांट पर विजिट करवाया गया। बच्चों द्वारा उद्यमिता के बारे में किये गए सवालों के जवाब दिए गए, जिसमें बिजनेस शुरू करने के बाद आने वाली समस्याओं को कैसे सुलझाए इन विषयों पर सरपंच मधूसुदन पाटीदार ने अपने विचार रखें। सरपंच साहब द्वारा कहा गया कि ऐसी विजिट मोदी जी की मेक इन इंडिया अभियान और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं को साकार करने में युवाओं को मार्गदर्शन देगी। रात्रि में सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे गायन, वादन, कविता एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

## सीईओ ने जाट, कीरता, डोराई एवं कस्मारिया में किया वाटरशेड कार्यो का निरीक्षण

**नीमच, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णोव ने सोमवार को जावद जनपद क्षेत्र के ग्राम कीरता, जाट, डोराई और ग्राम कस्मारिया में वाटरशेड योजना के तहत निर्मित तालाब स्टाप डेम निर्माण एवं पौधारोपण कार्य का मौके पर निरीक्षण कर अवलोकन किया। जिला पंचायत सीईओ ने वाटरशेड परियोजना क्रमांक 2 एवं 3 के तहत ग्राम कीरता में तालाब निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होने ग्राम पंचायत जाट में मियांबाकी पद्धति से किए गए पौधारोपण कार्य का भी निरीक्षण किया। इस भ्रमण के दौरान जि.प.सीईओ श्री वैष्णकव ने ग्राम पंचायत डोराई में नदी पर स्टामप डेम निर्माण कार्य तथा कस्माारिया में निर्माणाधीन स्टीप डेम निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होाने स्टामप डेम निर्माण कार्य की गुणवत्ताा एवं जल भराव क्षमता का विशेष ध्य्न रखने के निर्देश संबंधितों को दिए। इस मौके पर परियोजना अधिकारी श्री विनोद इक्काव, संबंधित उपयंत्री पंचायत सचिव, रोजगार सहायक भी उपस्थित थे।

## जिला जल एवं स्वच्छता की बैठक आज

**नीमच, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज 25 फरवरी 2025 को शाम 4.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई है। इस बैठक में मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित द्वारा क्रियान्वित की जा रही गांधीसागर-2 समूह जल प्रदाय योजना के कार्यो की समीक्षा की जाएगी। लोस्वाया विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं सचिव श्री एस.सी.जलोनिया ने समिति के सभी सदस्योंन से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# आँगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका द्वारा रैली निकालते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**मनासा, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आँगनवाडी कार्यकर्ता ने मानव श्रृंखला बना कर रेली में नारे लगाते हुए एसडीएम पवन बारिया को ज्ञापन सोपा ज्ञापन वाचन करते हुए संघ की अध्यक्ष पार्वती आर्य ने अपनी मांग में बताया की मोबाईल द्वारा कार्य करने के लिए 2स व 3स लावा कम्पनी का मोबाईल फोन दिया गया था, जिसमें निम्नलिखित समस्याएं आ रही हैं मोबाईल में विभिन्न प्रकार के कार्य करना पड़ता है, जैसे आँगनवाड़ी केन्द्र मोबाईल में खोलना, बच्चों की फोटो केप्चर करना, नाश्ता एवं भोजन बच्चों की उपस्थिति के साथ द्ब-से 06 वर्ष के बच्चों का वजन एवं लम्बाई लेना। पोषण आहार (ढ्ढक्ख्) वितरण करना, महिलाओं, बच्चों का ईकेवायसी एवं फोटो केप्चर करना, मोबाईल में ओटीपी लेना, विभिन्न प्रकार के कार्य में समस्या आ रही हैं। ये सभी कार्य नहीं हो पा रहे हैं। ये कार्य न होने के कारण अधिकारी द्वारा कार्य करने के लिए परेशान किया जा रहा हैं।कि, आँगनवाड़ी केन्द्रो में गर्भवती धात्री महिला छोटे बच्चों को छोड़कर केन्द्र में नहीं आ पाती है। महिलाओं को छोड़कर कोई भी सदस्य ढ्ढक्ख्को ले जाते थे, लेकिन मोबाईल द्वारा ढ्ढक्ख् वितरण करने में समस्या होती हैं, ओटीपी नहीं आती हैं, फोटो केप्चर नहीं होता हैं तथा सभी हितग्राही महिलाओं के पास मोबाईल न होने के कारण से पोषण आहार ढ्ढक्ख् वितरण नहीं हो पा रहा है। इसलिए इस समस्या को दूर करने एवं केन्द्र में 5जी वाईफाई मोबाईल प्रदान किया जावे। इन मांगों के साथ ज्ञापन सौंपा।

## सिंचाई के विवाद में महिला को पीटा

**पिपलियामंडी, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महिला से मारपीट करने वाले देवर के बेटों पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। खडेरिया मारु निवासी शांतिबाई पति नारायण गंधर्व ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि खेत में सिंचाई करने के विवाद में देवर रामू के बेटे अर्जुन व शुभम ने गाली-गलौज की व लकड़ी से पीटा, जिससे सिर से खून निकलने लगा। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

## सभी राजस्व अधिकारी ई केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेजी से पूर्ण करें-चंद्रा

**नीमच, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी राजस्व अधिकारी पटवारी हल्कावार माइक्रो प्लानिंग कर, पटवारी, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, समितियों के ऑपरेटर एवं युवा कृषकों को प्रतिदिन प्रति कर्मचारी के मान से खसरा ई केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री, आर ओ आर लिंकिंग का दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर कार्य पूर्ण करवाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार की शाम को गूगल मीट के जरिए जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक में विभागीय समीक्षा करते हुए दिए।

बैठक में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, संयुक्त कलेक्टर डॉ ममता खेड़े, एसडीएम नीमच जावद मनासा, एवं सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन गांवों में नेटवर्क की प्रॉब्लम है वहां नेटवर्क बूस्टर लगाकर ओटीपी प्राप्त कर ई केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री का कार्य करवाया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शामिल खाते में जिनका भी नाम दर्ज है उन सभी का ई केवाईसी अनिवार्य रूप से करवाए। उन्होंने ग्राम स्तर पर अच्छी टीम बनाकर खसरा ई केवाईसी एवं फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वेटलैंड की शेष ग्राउंड ट्रुथिंग एवं सीमांकन का कार्य भी 10 मार्च के पूर्व पूर्ण करवाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए हैं।

## युवक को पीटा, 4 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** युवक से मारपीट के चार आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया। नई आबादी नाहरगढ़ निवासी परमानंद पिता हीरालाल सूर्यवंशी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं भाई परसराम के घर भाभी निर्मला के घर के बाहर खड़ा रहकर एक्सीडेंट में इलाज के रुपए को लेकर बातचीत कर रहा था, इसी दौरान कैलाश सूर्यवंशी, उसके बेटे दीपक, हरीश व भतीजे अरुण पिता रामकिशन सूर्यवंशी आए और बोले कि यहां क्या कर रहा है, चारों ने गाली-गलौज कर लात-घुसों से पीटा, जिससे पसली व आंख में चोंट आई। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

# हरीश अहीर के समर्थन में पत्रकार हुए लामबंद

## तस्करी के आरोपी धर्मेंद्र धनगर के विरोध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

**नीमच, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पत्रकार हरीश के समर्थन में आज जिले भर के पत्रकारों ने लामबंद होकर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँच हरीश अहीर के खिलाफ हुई पुलिस कार्यवाही और तस्कर धर्मेंद्र धनगर की गुंडई के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारे बाजी की, इसके पूर्व स्थानीय कलेक्टोरेट कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया जहाँ मौजूद पत्रकारों ने इस घटनाक्रम को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किये और मामले को लेकर आगामी रूपरेखा पर अपनी अपनी राय रखी...उक्त मामले की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में चल रहे पत्रकारों के विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया मौके पर पहुँचे, और उन्होंने पत्रकारों की बात पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए, मामले में निष्पक्ष जांच का आश्वासन पत्रकारों को दिया।

गौरलतब है, की प्रादेशिक न्यूज़ चैनल के ब्यूरो हरीश अहीर को नीमच जनपद पंचायत अध्यक्ष पुत्र और कुख्यात तस्कर धर्मेंद्र धनगर द्वारा जनपद कार्यालय परिसर में जान से मारने की धमकी दी थी, इस घटनाक्रम के बाद फरियादी हरीश अहीर ने पत्रकारों के साथ स्थानीय कैंट थाने में शिकायत दर्ज करवा, पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा था, मामले में पुलिस ने हरीश अहीर की शिकायत पर तस्कर धर्मेंद्र धनगर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया। वहीं मामले के तीन दिन बाद ही आरोपी तस्कर धनगर द्वारा लोगों को एकत्रित कर राजनीतिक रसूख के दम पर पत्रकार के खिलाफ शिकायत की और पुलिस ने दबाव पूर्वक फरियादी हरीश अहीर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया, जिसके विरोध स्वरूप जिले भर के तमाम पत्रकार व पत्रकार संगठनों ने एक जुट होकर पत्रकार हरीश अहीर के खिलाफ पुलिस कार्यवाही का जमकर विरोध करते हुए, पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और तस्कर धर्मेंद्र धनगर के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग करते हुए, हरीश अहीर के खिलाफ दर्ज मुकदमा खारिज करने की बात पुलिस के समक्ष रखी। मामले में जिला पुलिस अधीक्षक की और से पत्रकारों की मांग को गंभीरता लेते हुए, उन्हें आश्वस्त किया गया है की किसी भी सूरत में पत्रकारों के खिलाफ गलत कार्यवाही नही की जाएगी और लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को धमकाने वालों को बख्शा नही जाएगा।

**TEACHERS WANTED**

Trained Post Graduate and Graduate Teachers with B.Ed.

**Walk in Interview**

ENGLISH, PHYSICS, MATHEMATICS, CHEMISTRY AND BIOLOGY

Salary-25000/- to 30000/-

EMERALD ACADEMY H.S. SCHOOL, DEEKEN

Contact-7869726767, 9479570614, 7879614126, 8085658050

**सेल्समेन की आवश्यकता**

✻ अनुभवी पुरुष/महिला सेल्समेन की आवश्यकता है। ✻ अनुभवी मोबाईल रिपेरिंग वाले की आवश्यकता है।

✻ वेतन 5 अंको में ✻ योग्यता को प्राथमिकता

✻✻✻✻✻✻✻ संपर्क ✻✻✻✻✻✻✻

**प्रदीप मोबाईल**

दया मंदिर रोड़ मंदसौर

मोबाईल- 9893100778, 8319811988

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्िया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in